**Construction of Block-cum-circle office building at Kumarkhand block in Madhepura dist.Tender ID– 115648 कार्य से संबंधित प्राप्त निविदा के तकनीकी बीड पर पुनः समीक्षा हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक–25.02.2026 को आहूत बैठक की कार्यवाहीः–**

---

उपस्थितिः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | ई0 रामाज्ञा कुमार,<br>मुख्य अभियंता(उत्तर),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | – | अध्यक्ष |
| (ii) | श्री अमित कुमार,<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, सहरसा। | – | सदस्य |
| (iii) | श्री संजीव कुमार,<br>कार्यपालक अभियंता,<br>भवन प्रमंडल मधेपुरा। | – | सदस्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – | Construction of Block-cum-circle office building at Kumarkhand block in Madhepura dist.Tender ID–115648 |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | – | ₹16.621 करोड़ (ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक–3556556 दिनांक–10.01.2025) |
| 3. | तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि (असैनि कार्य + विद्युतीकरण कार्य) | – | ₹16,27,53,156/- (मुख्य अभियंता(नि0) का पत्रांक–1031(नि0)अनु0 दिनांक–12.07.2025) |
| 4. | योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | – | ₹15,86,53,812/- |
| 5. | निविदा आमंत्रण की तिथि | – | 16.09.2025 |
| 6. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि | – | 16.10.2025 |
| 7. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि | – | 17.10.2025 |
| 8. | प्री–बीड की बैठक की तिथि एवं समय | – | दिनांक–13.10.2025 को 1:00 बजे मुख्य अभियंता(उत्तर) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक–16.10.2025 को 1:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, सहरसा के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | कार्य समाप्ति की अवधि | – | 12(बारह) माह |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | – | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | दैनिक भास्कर, दिनांक–19.09.2025 |
| 12 | प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | – | 015000(भवन)2025-26 |
| 13. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | – | (i) R S Construction, Ramkrishna Nagar,Ward No 20,Begusarai<br>– (ii) Santosh Kumar Singh, Ward No 03, Sardeeha, Jamuniya, Balthi, Saharsa-852127<br>– (iii) Mojammil Husain, Jalil Kali Prasad Madhubani K Hat,Purnea<br>– (iv) M/S Lokesh Ranjan, Patori, Panchgachhiya, Saharsa |

14. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षा</u> :–

<u>प्रथम बार आमंत्रित निविदा</u>:– विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित निविदा में एकमात्र निविदाकार के सफल रहने के कारण वित्त विभाग के अधिसूचना सं0–7806 दिनांक–30.09.2016 के आलोक में इस निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

25/2/26

<u>द्वितीय बार आमंत्रित निविदाः-(वर्त्तमान में)</u>:- विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार प्राप्त निविदा में उपरोक्त चार निविदाकार द्वारा भाग लिया गया। उक्त सभी निविदाकारों का तकनीकी बीड अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, सहरसा का पत्रांक-677 अनु0 दिनांक-20.11.2025 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा उक्त सभी निविदाकारों तकनीकी बीड के अभिलेख का मूल्यांकन इस शर्त के साथ किये जाने का निर्णय लिया गया कि निविदाकारों द्वारा समर्पित किय गये समान प्रकृति कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र की जाँच हेतु भेजे गये अभिलेख में यदि अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी/जाली पाये जाने संबंधित जाँच प्रतिवेदन प्राप्त होती है तो उक्त निविदाकार के विरुद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत कार्रवाई की जायेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड के अभिलेखों के मूल्यांकनोंपरांत पाया गया किः-

(i) प्रथम निविदाकार "R S Construction, Ramkrishna Nagar,Ward No 20,Begusarai " है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत पाया गया कि निविदाकार द्वारा समर्पित Tool and Plants अन्तर्गत Needle Vibrator & Plate Vibrator का Invoice no-TTS/00235/2025 दिनांक-01.02.2025 का जाँच मुख्य अभियंता(उत्तर) के पत्रांक-5269 दिनांक-02.12.2025 के द्वारा कराया गया। जाँचोपरांत Tee-Saif Tools corporation Stateion Road Panta-800001 के दिनांक-03.12.2025 द्वारा बताया गया कि उक्त Tax Invoice अवैद्य तथा गलत तरीके से तैयार किया गया है। साथ ही दिनांक-02.01.2026 को विभागीय निविदा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में असफल घोषित किया जाता है।

(ii) द्वितीय निविदाकार "Santosh Kumar Singh, Ward No 03, Sardeeha, Jamuniya, Balthi, Saharsa-852127" है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में **"रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"सफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(iii) तृतीय निविदाकार "Mojammil Husain, Jalil Kali Prasad Madhubani K Hat,Purnea" है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत पाया गया कि निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के अन्तर्गत विद्युतीकरण कार्य हेतु Sublet किये गये ऐजेंसी का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित नहीं किया गया है। अतः इन्हें एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) में **"नॉन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(iv) चतुर्थ निविदाकार "M/S Lokesh Ranjan, Patori, Panchgachhiya, Saharsa " है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा निविदा में अपलोड अनुभव प्रमाण पत्र जाँच हेतु निर्गत पदाधिकारी को भेजा गया था। परंतु प्रमाण पत्र को सत्यापित न कर सिर्फ Email के माध्यम से Verified And Found Correct लिखकर भेज दिया गया इसमें न हीं संबंधित कार्यालय का कोई पत्रांक, दिनांक है और न ही निर्गतकर्त्ता पदाधिकारी द्वारा प्रामण पत्र प्रतिहस्ताक्षरित करते हुये अभिप्रमाणित किया गया है। अतः अनुभव प्रमाण पत्र को संदिग्ध मानते हुए अमान्य किया जाता है। अतः इन्हें एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) में **"नॉन-रिस्पॉन्सिव"** किया जाता है एवं तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

15. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-</u>

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से इस निविदा में भाग लिये चार निविदाकार में से एकमात्र निविदाकार (i) "Santosh Kumar Singh, Ward No 03, Sardeeha, Jamuniya, Balthi, Saharsa-852127" को सफल एवं अन्य तीन निविदाकार (i) " R S Construction, Ramkrishna Nagar,Ward No 20,Begusarai" एवं (ii) "Mojammil Husain, Jalil Kali Prasad Madhubani K Hat,Purnea " एवं (iii) " M/S Lokesh Ranjan, Patori, Panchgachhiya, Saharsa " को "असफल' घोषित करने का निर्णय लिया गया। दिनांक-16.02.2026 निविदा की वैद्यता (120 दिन) समाप्त हो चुका है। निविदा की वैद्यता बढ़ाने पर निविदाकारों द्वारा सहमति प्रदान नहीं किया गया है। अतः वर्त्तमान निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया जाता हैं।

16. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर डाली जाय।

| (संजीव कुमार) | (अमित कुमार) | (रामाज्ञा कुमार) |
|---|---|---|
| कार्यपालक अभियंता, | अधीक्षण अभियंता, | मुख्य अभियंता(उ0) |
| भवन प्रमंडल, मधेपुरा। | भवन अंचल, सहरसा। | भ0नि0वि0, पटना। |

**मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय**

**<u>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।</u>**

ज्ञापांक- भ0उ0वि0/यो0(स0)-47/2025 1624 पटना, दिनांकः- 06/3/2026

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता (उत्तर)।